**प्रेस नोट दिनांक 22.08.2026**
**थाना देवरनियां जनपद बरेली।**

**थाना देवरनिया #bareillypolice द्वारा मोटर साईकिल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के 02 शातिर अभियुक्तो को चोरी की गयी 05 मोटर साईकिल के साथ किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण –**दिनांक 22.08.2026 को थाना देवरनिया पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम कनमन से इटौआ की तरफ जाने वाले रास्ते पर खाली पड़े ईट के भट्टे के खण्डरनुमा मकान से अभियुक्तगण 1. फुरकान पुत्र शब्बू खां निवासी मोहल्ला शाहूकारा थाना बिलासपुर जिला रामपुर व 2. छोटे पुत्र रफीउल्ला नि0 मो0 शेखूपुरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली को चोरी की गयी 05 मो0सा0, 05 चाबियों का गुच्छा, 01 फोन व 2110 रूपये नगद सहित समय करीब 00.40 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी की गयी मोटर साईकिलो के संबंध में मु0अ0स0 227/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवरनिया, जनपद बरेली पर पंजीकृत है, तथा शेष मो0सा0 के संबंध में जानकारी की जा रही है। बरामद चोरी की मो0सा0 के संबंध में थाना देवरनिया जनपद बरेली पर मु0अ0स0 348/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/112(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

**घटना के संबंध में तथ्यो का सारगर्भित विवरण –** दिनांक 21.08.2026 को थाना देवरनिया पुलिस टीम शान्ति व्यवस्था, गश्त व चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के थाना क्षेत्र में मामूर होकर थाना क्षेत्र के ग्राम कनमन इटौआ रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन को रोककर चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस बल द्वारा एक मोटरसाइकिल को रोका गया जिस पर 02 व्यक्ति सवार थे। मोटरसाइकिल चालक एक दम से घबरा गया और हड़बड़ाने लगा तभी पुलिस बल द्वारा मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। मोटरसाइकिल संदिग्ध होने का शक होने पर दोनो व्यक्तियो से पूछताछ की गयी तो इन्होने अपने नाम 1. फुरकान पुत्र शब्बू खां नि0 मोहल्ला शाहूकारा थाना बिलासपुर जिला रामपुर उम्र करीब 25 वर्ष 2. छोटे पुत्र रफीउल्ला निवासी मो0 शेखूपूरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली उम्र करीब 28 वर्ष बताया । पुलिस बल द्वारा मो0सा0 रजि0 न0 UP25DH2104 को ई चालान ऐप से चैक किया गया तो चैसिस नं0 MBLHAW121MHJ30217, इंजन नं0 HA11EDMHJ15165 , रंग ब्लैक एण्ड एसैन्ट होना तथा वाहन स्वामी तारिक हुसैन पुत्र मुबारक हुसैन नि0 मैन रोड नियर बाजार वाला तालाब हाफिजगंज बरेली अंकित होना पाया गया, वार्ता कि गयी तो उक्त मो0सा0 के चोरी होने के संबंध में मु0अ0स0 227/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवरनिया, जनपद बरेली पर पंजीकृत होना बताया गया। दोनो अभियुक्तगणो से चोरी की पकड़ी गयी मोटरसाइकिल के संबंध मे पूछताछ की गयी तो बताया गया कि साहब हमारा 03 लागो का एक गिरोह हैं। हम दोनो मिलकर मो0सा0 चुराते है तथा अपने एक अन्य साथी शाने आलम पुत्र बहार अनवर नि0 मो0 शेखुपुरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली जो मोटरसाइकिल मिस्त्री है, के साथ मिलकर मोटरसाइकिलों को काट कर व बेंच देते है। शाने आलम ने खुद को चलने के लिये एक चोरी की मोटरसाइकिल मोडिफाईड कर रिक्शा की तरह बना रखी है। हम दोनों उसी के रिक्शा पर चोरी की मोटरसाइकिल रख कर भट्टे पर एक खंडर मकान में छिपाकर रखते है। और उनके चैचिस नम्बर को मिटाकर व पहचान छिपाकर उन मोटर साईकिलो को धोखाधडी करके फर्जी नम्बर प्लेट बनाकर मो0सा0 पर लगाकर असली के रूप में प्रयोग करते है, जिसके बाद राह चलते लोगो के बेंच देते है और जो नही बिक पाती है उनको काट कर कबाड में बेंचते है। तलाशी में अभि0 फुकरान से मोटरसाइकिलो की चाबियो का एक गुच्छा व 1460 रूपये बरामद हुये व एक मास्टर की चाबी सहित कुल 04 चाबिया बरामद हुई। अभि0 छोटे की तलाशी में 650 रु बरामद हुए। अभियुक्तों की निशाहादेही पर ग्राम कनमन से इटौआ की तरफ जाने वाले रास्ते पर खाली पड़े ईट के भट्टे के खण्डरनुमा मकान मे 04 चोरी की मोटर साईकिल बरामद की गयी, जिनमे से एक मो0सा0 की डिग्गी में एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ । बरामद हुई मो0सा0 के वास्तविक स्वामियो से वार्ता कर जानकारी करने की कार्यवाही प्रचलित है । अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी की मो0सा0 के संबंध में थाना देवरनिया जनपद बरेली पर मु0अ0स0 348/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/112(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5) बीएनएस में अभियुक्तगण 1. फुरकान पुत्र शब्बू खां निवासी मोहल्ला शाहूकारा थाना बिलासपुर जिला रामपुर, 2. छोटे पुत्र रफीउल्ला नि0 मो0 शेखूपूरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली व 3. शाने आलम पुत्र बहार अनवर नि0मो0 शेखुपुरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा ।

**पूछताछ एंव अभियुक्त का विवरण**– अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि साहब हम कम पढे लिखे है । हम मौज मस्ती करने, नशा करने, घूमने फिरने व पैसों की जरूरतो को पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी करते रहते है । हमारा 03 लागो का एक गिरोह हैं, जिनमे शाने आलम मोटर साईकिल मिस्त्री है । हमारे पास एक मास्टर चाबी होती है जिससे आसानी से मो0सा0 में लगाकर खोल लेते है । हम सब लोग मिलकर बिना नम्बर प्लेट वाली मोटरसाइकिलों से जाकर मोटरसाइकिल जगह जगह से चोरी करते है तथा चोरी की मोटर साईकिलो को एक खंडर में छिपाकर रखते है और उनके चैचिस नम्बर को मिटाकर व पहचान छिपाकर उन मोटर साईकिलो को धोखाधडी करके फर्जी नम्बर प्लेट

बनाकर मो0सा0 पर लगाकर असली के रूप में प्रयोग करते है तथा राह चलते लोगो के बेंच देते है और जो मो0सा0 हम बेंच नही पाते है, उन्हे शाने आलम काट कर कबाड में बेंच देता है। हमने पहले भी बरेली में कई जगह से मो0सा0 चोरिया की है और राह चलते लोगो को बेंची है। आज भी हम मो0सा0 को ले जाकर बेंचने वाले थे कि आपने हमे पकड लिया।

**आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0स0 227/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवरनिया, जनपद बरेली।
2. मु0अ0स0 348/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/112(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5) बीएनएस थाना देवरनिया जनपद बरेली।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. फुरकान पुत्र शब्बू खां निवासी मोहल्ला शाहूकारा थाना बिलासपुर जिला रामपुर
2. छोटे पुत्र रफीउल्ला नि0 मो0 शेखूपूरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली

**आपराधिक इतिहास - फुरकान पुत्र शब्बू खां निवासी मोहल्ला शाहूकारा थाना बिलासपुर जिला रामपुर**

1. मु0अ0स0 534/22 धारा 25, 4 आयुध अधिनियम, 1959 थाना बिलासपुर जनपद रामपुर
2. मु0अ0स0 222/23 धारा 413, 414, 420, 468, 471, 473 भादवि थाना बिलासपुर जनपद रामपुर
3. मु0अ0स0 231/23 धारा 379, 411 भादवि थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर
4. मु0अ0स0 20/25 धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर
5. मु0अ0स0 348/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/112(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5) बीएनएस थाना देवरनिया जनपद बरेली

**आपराधिक इतिहास - छोटे पुत्र रफीउल्ला नि0 मो0 शेखूपूरा थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली**

1. मु0अ0स0 235/20 धारा 188 भादवि, थाना किला जनपद बरेली
2. मु0अ0स0 348/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/112(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5) बीएनएस थाना देवरनिया जनपद बरेली

**बरामदगी –**

- 05 मोटर साईकिल
- 05 चाबियों का गुच्छा मय मास्टर KEY
- 01 फोन
- 2110 रूपये नगद

**पुलिस टीम का विवरण –**

1. थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
2. व0उ0नि0 विपिन तोमर, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
3. उ0नि0 पुष्पेन्द्र शर्मा, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
4. हे0का0 1139 कुलवंत सिंह, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
5. का0 2752 पवन बंसल, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
6. का0 2908 राजन, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
7. का0 1239 बिट्टू सिंह, थाना देवरनिया जनपद बरेली।